
# विशेष रिपोर्ट


# एनर्जी

( मार्च 2024 )




smc
moneywise. be wise.

### फरवरी-2024 में एनर्जी की कीमतों में बदलाव




स्रोतः रायटर्स एवं एसएमसी रिसर्च

### जनवरी-फरवरी-2024 में एनर्जी की कीमतों में बदलाव




स्रोतः रायटर्स एवं एसएमसी रिसर्च

फरवरी के महीने में, आपूर्ति में कमी की आशंका और गर्मियों में अमेरिकी ब्याज दर में कटौती की बढ़ती संभावना के कारण कच्चे तेल की कीमतों में लगातार दूसरे महीने बढ़त दर्ज की गई क्योंकि भू-राजनीतिक तनाव के कॉकटेल ने वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की आपूर्ति को लेकर जोखिम को बढ़ा दिया। ओपेक और उसके सहयोगियों या ओपेक+ द्वारा तेल उत्पादन में कटौती को दूसरी तिमाही में बढ़ाने की उम्मीद से भी इस साल बाजारों के सेंटीमेंट को मदद मिली। उत्पादन में कटौती की उम्मीदें बढ़ती जा रही हैं क्योंकि अमेरिकी उत्पादन रिकॉर्ड ऊंचाई से थोड़ा कम हो गया है। ऊर्जा सूचना प्रशासन के आंकड़ों से पता चलता है कि दिसंबर में अमेरिकी कच्चे तेल का उत्पादन कम होकर 13.315 मिलियन बैरल प्रति दिन हो गया, जो नवंबर के 13.314 मिलियन बैरल प्रति दिन के रिकॉर्ड से कम है। एक रॉयटर्स सर्वेक्षण के अनुसार पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) ने इस महीने 26.42 मिलियन बैरल प्रति दिन तेल उत्पादन किया है, जो जनवरी से 90,000 बैरल प्रति दिन तेल अधिक है। फिर भी, एक प्रमुख सरकारी स्वामित्व वाले उत्पादक द्वारा चेतावनी दिए जाने के बाद कि दुनिया में कच्चे तेल के सबसे बड़े आयातक में तेल की मांग इस साल स्थिर रहने की उम्मीद है, चीनी मांग में मंदी की आशंका बढ़ गई है। इस बीच, मध्य पूर्व संघर्ष में कमी के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं, और इजराइल और हमास दोनों ने गाजा में अपने युद्ध में संघर्ष विराम की संभावनाओं को कम कर दिया है। दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल आयातक और उपभोक्ता भारत में मजबूत फैक्ट्री गतिविधि के कारण ईंधन की खपत फरवरी में साल-दर-साल 5.7% बढ़ी है।

**आउटलुक**

- तेल बाजार की वर्तमान स्थिति भू-राजनीतिक कारकों, प्रमुख उत्पादकों द्वारा उत्पादन निर्णयों और व्यापक आर्थिक नीतियों की परस्पर जटिल क्रिया को दर्शाती है। जैसे-जैसे ये तत्व विकसित होते रहेंगे, तेल वायदा की कीमतों में उतार-चढ़ाव बने रहने की उम्मीद है।
- दुनिया के सबसे बड़े तेल आयातक चीन ने 2024 के लिए लगभग 5% की आर्थिक वृद्धि का लक्ष्य रखा है। यद्यपि यह पिछले साल के लक्ष्य के समान है और

विश्लेषकों की उम्मीदों के अनुरूप है, लेकिन देश की संघर्षरत अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए बड़ी प्रोत्साहन योजनाओं की कमी ने निवेशकों को निराश किया है।

- चीन के कच्चे तेल के आयात में 2023 की समान अवधि की तुलना में वर्ष के पहले दो महीनों में वृद्धि हुई, लेकिन वे पिछले महीनों की तुलना में कम रहा है, जिससे पता चलता है दुनिया के सबसे बड़े खरीदार द्वारा खरीद में कमी का रुझान जारी है।
- सऊदी अरब और रूस के नेतृत्व में ओपेक+ के सदस्यों ने वैश्विक स्तर पर विकास और समूह के बाहर बढ़ते उत्पादन पर चिंताओं के बीच बाजार को अतिरिक्त समर्थन देते हुए, दूसरी तिमाही में प्रति दिन 2.2 मिलियन बैरल की स्वैच्छिक तेल उत्पादन कटौती को बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।
- पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) के वास्तविक नेता सऊदी अरब ने कहा कि वह जून के अंत तक 1 मिलियन बैरल प्रति दिन की अपनी स्वैच्छिक कटौती को बढ़ाएगा, जिससे इसका उत्पादन लगभग 9 मिलियन बैरल प्रति दिन रहेगा।
- लेकिन, रिस्टैड एनर्जी डेटा और रिसर्च के अनुसार, ओपेक+ देशों में कच्चे तेल का उत्पादन जनवरी के मुकाबले फरवरी में 212,000 बैरल प्रति दिन बढ़ गया।
- मध्य पूर्व में, हमास प्रमुख इस्माइल हानियेह ने युद्धविराम वार्ता को रोकने और गाजा में युद्ध समाप्त करने की हमास की मांग को खारिज करने के लिए इजराइल को दोषी ठहराया, लेकिन कहा कि समूह अभी भी बातचीत के जरिए समाधान की मांग कर रहा है। रूस और उसके पड़ोसियों में भी तनाव बढ़ रहा है, जिससे यूक्रेन के बाहर संघर्ष बढ़ने की आशंका बढ़ गई है।
- अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के तेल बाजार और उद्योग प्रभाग के प्रमुख ने रॉयटर्स को बताया कि मांग में वृद्धि धीमी होने और अमेरिका से आपूर्ति बढ़ने के कारण वैश्विक तेल बाजार में अपेक्षाकृत अच्छी आपूर्ति हो रही है।
- ख ऊर्जा अनुसंधान कंपनी वुड मैकेंजी की भविष्यवाणी के अनुसार, इस वर्ष वैश्विक स्तर पर तेल की मांग 1.9 मिलियन बैरल प्रति दिन बढ़ेगी, जो 2024 के लिए पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन के अनुमान के करीब है।

## एमसीएक्स में कच्चे तेल की कीमतों में साप्ताहिक बदलाव




स्रोत: रॉयटर्स

## नाइमेक्स में कच्चे तेल की कीमतों में साप्ताहिक बदलाव




स्रोत: रॉयटर्स

**मार्च 2024 में, कच्चे तेल की कीमतें 6000-6700 के बड़े दायरे में कारोबार कर सकती हैं, जहां निकट सपोर्ट स्तर पर खरीदना बेहतर रणनीति होगी।**

**नेचुरल गैस**

फरवरी में, अपेक्षा से अधिक गर्म मौसम के कारण मांग में कमी के पूर्वानुमान से नेचुरल गैस की कीमतों में लगातार चौथे महीने गिरावट दर्ज की गई और नाइमेक्स और एमसीएक्स दोनों पर 11% से अधिक की गिरावट हुई, अपेक्षा से अधिक गर्म मौसम के कारण हीटिंग ईंधन की मांग में उल्लेखनीय कमी हुई। बढ़ते गैस उत्पादन और मध्य जनवरी में आर्कटिक फ्रीज के बाद गैस कुओं का संचालन फिर से शुरू होने से कीमतों पर दबाव कम हुआ। एलएसईजी के अनुसार, अमेरिका में गैस उत्पादन फरवरी में बढ़कर औसतन 105.5 बिलियन क्यूबिक फीट प्रति दिन हो गया, जो जनवरी में 102.1 बिलियन क्यूबिक फीट प्रति दिन था, लेकिन दिसंबर में 106.3 बिलियन क्यूबिक फीट प्रति दिन के रिकॉर्ड उच्च स्तर से अभी भी कम है।

**आउटलुक**

- नेचुरल गैस बाजार में अस्थिरता बनी रह सकती है क्योंकि यह मौसम की स्थिति से प्रभावित रहेगा। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार तापमान औसत से ऊपर बना रहेगा, जिससे हीटिंग ईंधन की मांग कम रहने की उम्मीद है, जिससे संभावित रूप से नेचुरल गैस की कीमतों में गिरावट आ सकती है।
- वर्तमान आंकड़ों से पता चलता है कि निचले 48 राज्यों में उत्पादन घटकर लगभग 100.2 बिलियन क्यूबिक फीट प्रति दिन हो गया है, जो फरवरी के औसत 104.1 बिलियन क्यूबिक फीट प्रति दिन से कम है।
- चेसापीक एनर्जी और इक्यूटी जैसे प्रमुख उत्पादकों ने इस वर्ष गैस ड्रिलिंग में कटौती की योजना की घोषणा की है।
- यूरोप की बढ़ती मांग और सीमित अल्पकालिक नई आपूर्ति क्षमताएं अस्थायी रूप से कीमतों पर अंकुश लगा सकती हैं और बाजार में अस्थिरता बढ़ा सकती हैं।
- नेचुरल गैस बाजार एलएनजी निर्यात क्षेत्र में चुनौतियों से भी जूझ रहा है। टेक्सास में फ्रीपोर्ट एलएनजी सुविधा में उत्पादन बंद होने के कारण एलएनजी निर्यात संयंत्रों में प्रवाहित होने वाली गैस की मात्रा में उल्लेखनीय रूप से कमी हुई है। इससे अमेरिकी नेचुरल गैस की बाहरी मांग में गिरावट हुई है, जिससे घरेलू स्तर पर अत्यधिक आपूर्ति की स्थिति बिगड़ गई है।

**एमसीएक्स में नेचुरल गैस की कीमतों में साप्ताहिक बदलाव**




स्रोत: रॉयटर्स

**नाइमेक्स में नेचुरल गैस की कीमतों में साप्ताहिक बदलाव**




स्रोत: रॉयटर्स

**मार्च 2024 में एमसीएक्स पर नेचुरल गैस की कीमतें दोनों दिशाओं में कारोबार कर सकती है, जहां कीमतों को 128 पर सपोर्ट और रेजिस्टेंस 180 के करीब देखा जा रहा है।**

एनर्जी

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

moneywise. be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धृत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएनः L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमरः** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुनः वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।